कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री जगदीश प्रसाद बोयत पता–वार्ड नं0 29 सब्जी मण्डी बसवा रोड बांदीकुई 303313 (राज0)

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा

अपील सं0 21/2018

<u>निर्णय</u> दिनांक 09.05.2018

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा से सूचना/नकल हेतु दिनांक 26.02.2018 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा द्वारा उनके पत्रांक आरटीआई/2018/373 दिनांक 26.04.2018 द्वारा अवगत कराया है कि आवेदक द्वारा वॉछित सूचना का संबंध प्रभारी अधिकारी सतर्कता शाखा, कलक्ट्रेट, दौसा से होने के कारण सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत आवेदक को सूचना उपलब्ध करवाने हेतु प्रभारी अधिकारी सतर्कता, कलक्ट्रेट, दौसा को पत्र भिजवाया गया। प्रभारी अधिकारी सतर्कता, कलक्ट्रेट, दौसा द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा को सूचना भिजवाई जाने पर लोक सूचना अधिकारी,(अति0 जिला कलेक्टर), दौसा द्वारा उनके समसंख्यक पत्र द्वारा सूचना इस कार्यालय को भिजवाते हुए आवेदक को भी प्रति पृष्ठांकित की गई है। इससे स्पष्ट होता है कि आवेदक को वॉछित सूचना प्राप्त हो चुकी है। प्रेषित पत्रादि की छाया प्रति संलग्न पत्रावली है। साथ ही लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा द्वारा आवेदक को सूचना उपलब्ध कराये जाना अंकित कर अपील निरस्त करने हेतु निवेदन किया है। आवेदक को सूचना उपलब्ध हो जाने के फलस्वरुप अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official